to the questions raised by Shrimati Kum Kum Rai, as well as Shri Fali S. Nariman, we have got a very large number of these programmes going on. They include Jetropha; they include the ethanol programme; they include looking for gas hydrates, looking for hydrogen being combined with CNG. We are going to have the first test drive on that in a few days from now, and if hon. Shri Nariman would like to come along with me, we can get him to drive that car and test it for himself. We are going in for coal-based methane, and, I think, the first production will begin during this financial year. We have got a huge project for underground coal gasification. We are very, very aware and sensitive to the fact that fossil fuels are in short supply. We are import-dependant. But, we are an agricultural country which has the possibility of producing non-fossil fuels in our country. Our energy security comprises not only going to exotic places abroad and finding oil-bearing properties there, but looking at the *kisan*, looking at the *aam aadmi*. It is the *aam aadmi* who is the best assurance of our energy security. Thank you, Sir.

CALLING ATTENTION TO MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

The loss of human lives, properties and business in Mumbai and other parts of Maharshtra due to unprecedented rains and the relief measures undertaken by Government with regard thereto

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we will take Calling Attention on loss of human lives, properties and business in Mumbai and other parts of Maharashtra due to the unprecedented rains and the relief measures undertaken by the Government with regard thereto. Mr. Pramod Mahajan, please call the attention.

श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र) : देखिए, मैं शुरू तो करूंगा, लेकिन यहां पर गृह मंत्री जी स्वयं होते तो उचित होता।

श्री उपसभापति : गृह राज्य मंत्री हैं। वे बाद में आ जाएंगे।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी) : उपसभापति जी, गृह मंत्री जी उस सदन में बैठे हैं। आप जानते हैं कि वहां पर प्रेजिडेंट रूल्स पर डिसकसन चल रहा है। वे अभी यहां आ रहे हैं। जब तक वे यहां आएं, गृह राज्य मंत्री जी हैं।

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry) : ...(*Interruptions*)... by Mr. Pramod Mahajan or somebody else. ...(*Interruptions*)...

श्री प्रमोद महाजन : उपसभापति महोदय, हम विपक्ष के रूप में काम नहीं करते हैं तो उनको शिकायत है कि काम नहीं करते हैं। अब काम कर रहे हैं तो उनको शिकायत है कि इतना ज्यादा क्यों कर रहे हैं?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, call the attention. After that, he will make a statement.

श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र) : महोदय, मुम्बई और महाराष्ट्र के अन्य भागों में अभूतपूर्व वर्षा से हुई लोगों के जान-माल और व्यापार की हानि तथा इस संबंध में सरकार द्वारा किए गए राहत उपायों के संबंध में, मैं गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI S. REGUPATHY): There were unprecedented rains in Konkan and other parts of Maharashtra causing extensive flooding in many parts of the State. From 22nd July onwards, the rainfall had been more than 100 mm on an average per day in all the districts. On July 26th, the suburban areas of Mumbai and Thane districts received record rainfall. Between 26th and 27th July, 2005, that is, within a span of 24 hours, Mumbai and suburban areas recorded unprecedented rainfall of 920 mm, a phenomenon which had never occurred before. Thane district also received more than 700 mm rains in a single day. In Thane district, all the urban centres were severely flooded. Kalyan, Dombivali, Ambarnath, Ulhasnagar and Bhiwandi, which are part of the urban agglomeration, were under flood waters.

The rains had slowed down after July 28, 2005, but since last two days, it has been raining heavily and rainfall, as on July 31, 2005 and August 1, 2005, at 8.30 hrs. in the morning, in last 24 hrs., was 63.6 mms and 89.8 mms at Colaba and 161 mms and 208.10 mms at Santacruz, respectively.

In the Konkan region, Raigad and Ratnagiri districts recorded heavy rains and large areas were submerged. The towns, which were severely affected by floods, are Roha, Mahad and Mangaon in Raigad district, and Kher and Chiplun in Ratnagiri districts. This heavy rainfall triggered landslides affecting six villages in Raigad and Ratnagiri. In village Jui, near Mahad in Raigad district, about 100 people are feared dead due to collapse of houses.

In Marathwada, Parbhani and Nanded districts experienced severe flooding. In Parbhani, due to the rise of river Dudhna, a number of villages

were marooned, while in Nanded district, the rise in the water level in river Godavari affected more than 100 villages.

Due to these spells of heavy and unprecedented rains, 17 out of 35 districts in Maharashtra have been affected. The number of villages reported to be affected are 300. 929 persons are reported to have lost their lives, 72 persons have suffered injuries, while 100 persons are reported missing. The flood impacted the life of approximately 1.20 crore people and more than 50,000 persons were evacuated to safer places. A large number of livestock perished in Mumbai and other cities. In Mumbai alone, 1,200 buffalos and 15,000 sheep and goats perished in the floods.

The heavy rains and floods caused extensive damage to infrastructure and communication. Most of the roads in suburban Mumbai had at least 3 to 4 feet of water flowing over them paralysing traffic movement in Mumbai. A large number of office employees, school children and public were stranded and had difficulty in accessing their homes.

The Mumbai-Goa National Highway was cut off at many points due to large tracks being submerged. The traffic on this highway was completely disrupted. The Mumbai-Pune expressway was also affected.

The Western and Central Railway had to stop their local trains. The Konkan railway was also submerged at many places, as a result of which a number of trains were stranded at various destinations. Air services were also adversely affected due to heavy rains and poor visibility.

There was damage to other public infrastructure *viz*. public buildings, water supply schemes, primary health centres. The telecommunication network was also badly disrupted. Water and power supply system were affected in many areas.

The State Government has initiated relief measures on a warfooting to restore normalcy in the city of Mumbai and other places in the State. The State Government has started disbursement of foodgrains and kerosene; 10 Kgs of rice, 10 Kgs of wheat and 10 Litres of kerosene is being disbursed to each affected family. The State Government has also started distributing *ex gratia* assistance to all families @ Rs.1000/- per person, subject to a maximum of Rs.5,000/- per family. Heirs of deceased will be given cash assistance of Rs.2 lakh (Rs.1 lakh from PM's Relief Fund and Rs.1 lakh from the State Government). So far, *ex gratia* assistance of Rs.10 crore

(approximately) has been disbursed to the affected families. (As on August 1, 2005 morning)

Monitoring teams have been appointed under the Chairmanship of Guardian Secretaries of the Districts. Similarly, a State level team of Secretary level officers has also been set up to coordinate and monitor relief and rescue operations. The Guardian Ministers are already in the district headquarters, who are personally supervising and guiding the relief and rescue operations.

In spite of heavy rains, the flood situation has improved considerably in the State. Floodwaters have receded in Mumbai, Thane and other areas of Konkan. Due to heavy rains in catchment area, surplus water is being released from Koyna, Dhon, Veer, Kaner and other reservoirs, which is likely to cause inundation in the downstream districts of Sangli, Kolhapur, Solapur, other parts of Western Maharashtra and Marathwada. We have requested Armed Forces to stand by for immediate deployment should the need arise. So far, six columns of Army have been deployed at different places along with six boats. In addition, 8 teams of divers have also been deployed. More than 2,000 persons have been evacuated further making a total of 52,000 and taken to safer places.

Top most priority has been given to removal of garbage and providing drinking water. The garbage in Thane municipal area has been lifted to a large extent by employing 4,000 people, 30 JCBs and 70 dumpers. Nearly eighty per cent garbage has been lifted in Panvel. Scavenging work is likely to be completed in Mumbai and Navi Mumbai Municipal Corporation areas. It is slow in Kalyan, but additional machinery and personnel has been deployed in scavenging operations. The scavenging work is slow in Badlapur, Ambernath, Bhiwandi and other areas due to higher water level. It is expected that all these small cities would be able to finish the garbage disposal in next two days.

Full water supply has been restored in Thane, Mira-Bhayander, Navi Mumbai, Roha, Mahad and Panvel. It has been restored partially in Kalyan, Dombivili and likely to be normal by today evening. The normal water supply in Ambernath and Badlapur is 70 mld; so far as 24 mld supply has been restored, rest will be restored in next two days. The water supply in Mumbai has been restored in about 90 per cent area. Drinking water is being provided through tankers, where it has not been possible to restore water supply. More than 300 tankers have been deployed for this purpose.

Electricity has been restored in all the areas except in some parts of Mumbai, where the supply is through Reliance Energy. It will be restored everywhere by today evening. All possible assistance is being provided to Reliance Energy by the Maharashtra State Electricity Board to restore power supply.

State Government is paying adequate attention to health needs of people in flood-affected areas. Some cases of diarrhoea have been reported. More than 100 teams, consisting of doctors and other medical personnel, have been deployed at main railway stations in Mumbai. They are treating the needy patients as well as doing awareness work, for which pamphlets have been prepared. Similarly, more than 500 medical units have been deployed in remaining 16 flood-affected districts. All essential medicines like chlorine tablets, ORS packets, etc. have been made available in adequate quantity.

The State Government is working on warfooting and making all possible efforts to provide an early relief to the flood-affected persons.

The Central Government is providing all required support to the Government of Maharashtra to enable them to bring normalcy in the affected areas. Honourable Prime Minister, hon. Agriculture Minister and the hon. Home Minister had visited the affected areas. They had discussions about the situation with the Chief Minister, State Officers, Military Officers and the representatives of the people. They surveyed the damage done and flew over the areas affected by the heavy rains. The Cabinet Secretary has been holding meetings at Delhi to find out the ways and means which can be used to help the people in the area. The Government of India has announced the *ad hoc* assistance of Rs. 500 crore, to start with, and the foodgrains. The Prime Minister has announced that all other help needed, be given to the people and the State. Steps are being taken to see that insurance companies gear up to help the people. The losses sustained by the people and the State would be calculated, and assistance would be given to bring life in the State to normalcy. The State Government makes the plan to recoup the losses. The same may be discussed with the Planning Commission and other Ministries and steps may be taken to restore electricity, water supply, repair of roads and construction of houses for the people.

At this stage, relief and assistance is given. In the second phase, within days, temporary arrangement would be made to help the affected

people to resume their normal activities and life. In the third and final phase, the infrastructure damaged would be repaired and at places newly built; and the people would be helped to carry on with their activities. We would like to hear suggestions from the hon. Members for appropriate action. Thank you.

श्री प्रमोद महाजन: उपसभापति महोदय, बहुत बार हिमाचल प्रदेश में "बादल फटने" जैसा शब्द सुना था, लेकिन कभी समुद्र के किनारे मुंबई में और महाराष्ट्र में बादल फटने की अनुभूति होगी, ऐसा शब्द किसी ने सोचा भी नहीं होगा। पिछले मंगलवार को एक दिन में मुंबई में 944 मि0मी0 बारिश हुई। वैसे यह देश का उच्चतम रिकॉर्ड नहीं है, इससे भी ज्यादा बारिश हमारे इतिहास में 7 बार हुई है, लेकिन वह बारिश जहां हुई थी, वह बस्ती हजारों लोगों की भी नहीं थी। पहली बार डेढ़ करोड़ की बस्ती पर 944 मि0मी0 बारिश 24 घंटे के अंदर हुई है। मुंबई और महाराष्ट्र में मिलकर लगभग 1 हजार लोगों ने अपनी जान गंवायी है, व्यापार का कितना नुकसान होगा, इसका अंदाज अभी लगाना बहुत कठिन है। यह तो हजारों-करोड़ तक जा सकता है। गरीबों का और झुग्गियों में रहने वालों का इस से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। बहुत सारे लोग जो मृत्यु-मुखी हैं, वे अधिकांश गरीब हैं। इसलिए इस आसमानी संकट में अगर सबसे पहले किसी को बधाई देनी है तो वह आम मुंबईकर को है कि उसने इस संकट का सामना धैर्य, शांति और परस्पर सहयोग से किया है। महोदय, इतना बड़ा हादसा लगातार 24 घंटे चलता रहे और जो अपने जीवन में कभी दो किलोमीटर भी बिना गाड़ी के न चला हो, वहां घर जाने के लिए लाखों लोग 20-20, 22-22 किलोमीटर चलें। फिर शहर में दंगा न हो, फसाद न हो, झगड़ा न हो, मैं समझता हूं कि हम सब को और सारे सदन को मुंबई के इस नागरिक को बधाई देनी चाहिए कि इतने बड़े आसमानी संकट में भी उसने अपने इस उत्साह को बनाए रखा।

मैं प्रधान मंत्री जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि 48 घंटे के भीतर वह मुंबई चले गए। उन्होंने उस स्थिति को देखा। साथ में गृह मंत्री भी थे। कृषि मंत्री तो पिछले एक सप्ताह से महाराष्ट्र में ही हैं। इसलिए इसे कोई राजनीतिक मुद्दा न बनाते हुए मैं प्रधान मंत्री तथा अन्य मंत्रियों को भी बधाई देना चाहूंगा। सरकार ने तुरंत 500 करोड़ की राहत घोषित की। यह वक्तव्य पढ़कर मुझे आनंद हुआ कि इस में अंग्रेजी में to start with लिखा है और स्वाभाविक ही है कि इस संकट में 500 करोड़ दरिया में खस-खस के समान है। अकेले मुंबई महापालिका को अपने गटर की सफायी के लिए एक हजार करोड़ से ज्यादा रुपए लगने की संभावना है। इसलिए हम मानते हैं कि जितना राजनीतिक दल अध्ययन कर सकते हैं, इस समय मुंबई और महाराष्ट्र को लगभग 5 हजार करोड़ की सहायता की आवश्यकता होगी। स्वाभाविक रूप से जिस प्रकार खर्चा होगा, उस प्रकार मदद जाएगी, उस पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वित्त मंत्री जी सौभाग्य से बैठे हैं तो मैं समझता हूं कि जो भी पेट्रोलियम का हुआ हो, लेकिन वह 5 हजार करोड़ की तैयारी कर के रखें तो मुंबई और महाराष्ट्र का नागरिक उन्हें धन्यवाद देगा।

प्रधान मंत्री के दौरे में एक ही बात मुंबई के लोगों को खटकी और मुझे भी खटकी। इसलिए मैं क्षमा-प्रार्थना के साथ इतना ही कह सकता हूं कि अगर वह वहां महाराष्ट्र की सरकार को कार्य-क्षमता का प्रमाण-पत्र नहीं देते तो अच्छा होता। आप ने भी कहा कि वहां war

footing पर कुछ हो रहा है, मैं नहीं समझता कि मुंबई और महाराष्ट्र में किसी नागरिक के गले यह बात उतरेगी कि महाराष्ट्र सरकार ने वहां कुछ warfooting पर किया है।

अगर वार-फुटिंग पर किया है, तो प्रधान मंत्री ने किया है, गृह मंत्री ने किया है, कृषि मंत्री ने किया है, वित्त मंत्री ने पैसे के लिए हाँ कहा है। विधान सभा के पिछले चुनाव में जब प्रधान मंत्री मुम्बई आए थे, तो उन्होंने मुम्बई को आश्वासन दिया था कि हम मुम्बई को शंघाई बना देंगे। अब यह शंघाई कहाँ से आया? यह आदर्श शहर कैसे बन गया, यह तो मुझे पता नहीं है ...(व्यवधान)... तो जैसा जया जी कह रही हैं कि मुम्बई में आम नागरिक यह मजाक कर रहा है कि प्रधान मंत्री तो चाहते थे कि यह शंघाई बन जाए। उनके सारे चेलों ने इसको 24 घंटे में वेनिस बना दिया। अब हमको वेनिस देखने के लिए कहीं जाने की कोई जरूरत नहीं है, यह अनुभव की बात है। इसलिए मैं क्षमा चाहता हूँ, मैं जानता हूँ कि यह महाराष्ट्र की विधान सभा नहीं है, इसलिए इसके विस्तार में यहाँ जाने की आवश्यकता भी नहीं है और इसलिए वह प्रमाणपत्र न देते, तो अच्छा होता।

उपसभापति जी, इसमें आरोपी क्रमांक एक है-मौसम विभाग। इक्कीसवीं सदी में इनकी भविष्यवाणियाँ हास्यास्पद हो रही हैं। मुझे तो कभी-कभी लग रहा है कि इनको आने वाली बारिश का कोई अंदाज होता ही नहीं है। वे बीती हुई बारिश के बारे में करेक्ट कह सकते हैं कि पिछले 24 घंटे में कितनी वर्षा हुई। जैसे इस वक्तव्य के पहले तीन परिच्छेद में बताया गया है कि 22 को कितनी हुई थी, 23 को कितनी हुई थी, 24 को कितनी हुई, 25 को कितनी हुई? अगर इनसे पूछें कि 3 अगस्त को कितनी होगी तो ये बताएंगे 190 मिली मीटर और वह होगी 900 मिली मीटर। मुझे आज तक यह समझ में नहीं आया कि थोड़ा-बहुत अंतर तो हो सकता है, लेकिन भविष्यवाणी डेढ़ सौ मिलीमीटर की हो और बारिश 1000 मिली मीटर हो, इतना अंतर उसमें आता है। दुनिया भर में हम लोग घूमते हैं, वहाँ सालों के अंदाज हम देखते हैं, हफ्तों के अंदाज हम देखते हैं, तो मुझे लगता है कि हमारा मौसम विभाग क्या करता है? इसलिए गृह मंत्री जी से मेरा पहला प्रश्न यह होगा कि जो मुम्बई में हुआ, वह हुआ, लेकिन और किसी शहर को इस प्रकार का दुख न झेलना पड़े, इसके लिए क्या हम मौसम विभाग को अत्याधुनिक बना सकते हैं कि उनका अंदाजा 10 प्रतिशत से कम-ज्यादा हो तो समझ में आता है, नहीं तो 50 साल पहले भी हम वही व्यंग्य करते थे कि मौसम विभाग जब कहेगा कि बारिश आएगी, तो छतरी मत ले जाओ और जब वह कहेगा कि धूप गिरेगी तो छतरी जरूर ले जाओ। अब 50 साल के बाद भी अगर ऐसी स्थिति हो तो क्या कहा जाए?

अंत में मैं छोटी बात कहना चाहूँगा कि मौसम विभाग के मंत्री बहुत मुखर हैं, लेकिन उन्होंने इस सारे मामले के बारे में रहस्यमय चुप्पी क्यों साध ली है, यह मुझे समझ में नहीं आता। इसलिए मौसम विभाग की केन्द्रीय मंत्री के स्तर पर जाँच होनी चाहिए। इसका महाराष्ट्र सरकार से कोई सम्बन्ध नहीं है और जाँच होकर यह पता लगना चाहिए कि भविष्य में इसके बारे में क्या इरादा है।

उपसभापति जी, जैसाकि मैंने शुरू में कहा कि आरोपी क्रमांक 2 तो महाराष्ट्र सरकार है ही। अब वर्षा सदी में सबसे बड़ी थी, ठीक है। दोष वर्षा का था, यह ठीक है, लेकिन वर्षा तो जो आई, सो आई, लेकिन उसके बाद जो हुआ, उसमें तो वर्षा का कोई दोष नहीं है। वह तो हमारे हाथ में था। सौभाग्य से हमारे मुख्य मंत्री का निवास स्थान भी मालाबार हिल में जहाँ

है, उस बंगले का नाम वर्षा है। अब यह संयोग है। हम तो आसमान की वर्षा को देखते हैं। मुझे यह समझ में नहीं आया कि वर्षा पर महाराष्ट्र का जो मुखिया बैठा है, 24 घंटे में 26 जुलाई को दो बजे बारिश शुरू होकर बाढ़ आना शुरू हुआ, तो दूसरे दिन सुबह 12-1 बजे तक मुम्बई के रास्ते पर एक पुलिस वाला नहीं था, एक पुलिस वाला।

अब आप किसी भी अखबार को उठाकर देखिए। इसमें कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं है, वहां यह बताने के लिए एक पुलिस वाला नहीं था कि स्थिति क्या है। मैं समझता हूँ कि सारी पुलिस की शक्ति अगर डांस बार को बंद करने में ही लगानी है, तो यह छोटी-छोटी बातें हैं, अपने को मोरल स्टैंडर्ड रखना है। लोग मरते हैं, मर जाएं, उसमें क्या फर्क पड़ता है? मैं समझता हूँ कि केन्द्र सरकार को कम से कम इसकी कोई जांच करनी चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों हुआ कि एक दिन भी एक पुलिस वाला पूरे मुम्बई में नहीं था? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अगर यह मामला आज छूट जाएगा, तो जब साल बाद ऐसी स्थिति आएगी तो फिर यह छूट जाएगा।

उपसभापति महोदय, आरोपी क्रमांक तीन मुम्बई महापालिका है। वहां न पुलिस वाला था, न महापालिका का कोई अधिकारी था। मैं समझ सकता हूँ कि हम मुख्यमंत्री से तो यह अपेक्षा नहीं कर सकते कि वे किसी चौराहे पर खड़े रहें, लेकिन कम से कम पुलिस तो जाए। क्या उन्होंने इसकी कोई व्यवस्था की थी? पानी का भरना, उसका निकास होना, कचरा निकालना, बेस्ट बस चलाना, यह सारा कार्य महापालिका करती है। अब इसकी कौन जांच करेगा कि इसका दोष किसके ऊपर है? कौन अधिकारी थे और वे वहां क्यों नहीं पहुंचे? क्या हम इसकी जांच नहीं करेंगे, इससे कोई सबक नहीं सीखेंगे? इसमें आपकी क्या सलाह है? फिर आपने यहां लिखकर दिया है कि हमने क्या राहत के काम किए हैं? अब अनाज के वितरण की बात आपने लिखी है। आपको आश्चर्य होगा, जो आपने यहां लिखा है, कि इतना अनाज देंगे, उतना अनाज देंगे। ऐसा लगता है, जैसे यह कोई महीने भर पहले घोषित हुआ हो, मगर यह कल ही घोषित हुआ है। मंगलवार बारिश हुई, लगभग उस दिन से लोग मर रहे हैं और महाराष्ट्र के परम आदरणीय मुख्यमंत्री ने कल दोपहर तीन बजे पत्रकार वार्ता में यह घोषित किया कि हम सहायता क्या देने वाले हैं। पहुंचा कुछ नहीं है, क्या देने वाले हैं, कहा है। इसमें मेरा एक छोटा सा सुझाव है। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कल यह कहा है कि चूंकि आज अनाज सबसे ज्यादा आवश्यक है, इंशोरेन्स का बाद में देखा जा सकता है, इसलिए पहले अनाज की बात करो। अब अनाज वितरण की बात, महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि हम 15 अगस्त तक पूरा कर लेंगे। लोग आज भूखे हैं, वहां 8 दिन से बारिश हो रही है, 26 जुलाई से 2 अगस्त तक और वहां लोग भूखे हैं, उनको कहा गया है कि चिंता मत करिए, अनाज 15 अगस्त तक देंगे। अब हम इसमें क्या सलाह दें और आप क्या सलाह लेंगे? लेकिन, केन्द्र सरकार को एक ही बात महाराष्ट्र सरकार से कहनी चाहिए कि कम से कम इस सप्ताह के अंत तक, मंगलवार तक चाहे जितने आदमी लगें, लोगों को अनाज मिलना चाहिए।

उपसभापति महोदय, दूसरी वहां पानी की समस्या है। आपने सिर्फ यहां लिख दिया, जो सच नहीं है, आपने लिख दिया। मैं मानता हूँ, आपने लिखा है तो सच हो कि 90 प्रतिशत मुम्बई में पानी आ गया। माना, चलो आ गया, लेकिन 10 प्रतिशत मुम्बई को अभी चाहिए। इस 10 प्रतिशत का मुम्बई में क्या अर्थ है? अगर 10 प्रतिशत भी सही मान लें, तो 15 लाख लोग, जो एक एक जिले की आबादी नहीं है, बड़े बड़े शहरों की आबादी नहीं है। आपने कहा कि हमने

बहुत कुछ काम किया है और 90 प्रतिशत को पानी दिया है, जो सच नहीं है, अभी भी पानी आया नहीं है और पानी इसलिए नहीं आया, क्योंकि बिजली नहीं है। बिजली नहीं है, तो पानी ऊपर कौन ले जाएगा? अब पानी देने की बात, इसमें पता नहीं, किसको आप वार-फुटिंग कहते हैं। न सरकार का फुट है, न पैर। कैसा वार कर रहे हैं? मेरी समझ में नहीं आ रहा कि वे क्या कर रहे हैं? बिजली की दृष्टि से, रिलायंस एनर्जी ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं, केवल 50 हजार घरों में बिजली पहुंचानी है। ये 50 हजार घर का मतलब एक शहर होता है, डेढ़, दो लाख लोगों के रहने का। अब मुझे यह कहना है कि केन्द्र सरकार को इसमें अतिरिक्त बिजली देने की कोई व्यवस्था करनी चाहिए। अभी हम यहां मुम्बई का सोच रहे हैं, लेकिन बाकी सारे जिले हैं, जहां बिजली नहीं है। वहां अगर बिजली नहीं है, तो क्या केन्द्र सरकार अतिरिक्त बिजली देने का विचार करेगी? यह मेरा अगला प्रश्न है।

उपसभापति जी, यातायात के संबंध में मुझे कहना है कि बेस्ट की बस तो महापालिका चलाएगी। हम सब जानते हैं कि मुम्बई का जीवन रेल पर चलता है। प्रतिदिन वहां 55-60 लाख लोग रेल में यात्रा करते हैं। पूरे हिंदुस्तान में प्रतिदिन 1 करोड़ 25 लाख लोग यात्रा करते हैं और उसके आधे लोग अकेले मुम्बई के लोग होते हैं, यानी हर रेल का दूसरा यात्री लोकल ट्रेन में बैठा होता है दिन के 24 घंटे में कहीं न कहीं रेल में यात्रा करता है। आपको आश्चर्य होगा कि वहां 26 जुलाई से जो रेल बंद पड़ी है, वह 6 अगस्त तक शुरू नहीं होगी। यह तो अधिकृत घोषित है। मैं समझता हूँ, इतिहास में पहली बार 26 जुलाई से 6 अगस्त, मतलब 15 दिन मुम्बई में देश से न कोई ट्रेन आ रही है, न जा रही है।

श्री उपसभापति : प्रमोद जी, प्लीज। बहुत लंबी लिस्ट है।

श्री प्रमोद महाजन : सर, मैं बहुत जल्दी में कहूंगा।

श्री वी. नारायणसामी : क्लैरीफिकेशन पूछिए।

श्री प्रमोद महाजन : क्लैरीफिकेशन ही पूछ रहा हूँ। मेरा क्लैरीफिकेशन यह है कि रेल मंत्री कहां हैं? अच्छा, बड़े रेल मंत्री हैं, तो छोटे रेल मंत्री कहां हैं? उनमें से आज तक कोई मुम्बई क्यों नहीं गया? कम से कम मुम्बई में जाकर उन्होंने पूछताछ क्यों नहीं की, जो 50-60 लाख लोग रोज यात्रा करते हैं, उनसे? आपको क्या क्लैरीफिकेशन चाहिए? हमें कभी कभी आश्चर्य होता है, मीडिया पर भी, दूरदर्शन पर भी 24 घंटे यह चला कि मुम्बई में विमान उतर रहे हैं, नहीं उतर रहे हैं, सेकेंड रनवे, फर्स्ट रनवे, वगैरह वगैरह। अरे, कितने हवाई जहाज उतरेंगे? दिन में चार-पांच हजार लोग हवाई जहाज से आएंगे, उतरेंगे, मगर एक ट्रेन तो पांच हजार लोगों को ले जाती है। और ऐसी 50 ट्रेनें वहां से बाहर जाती हैं, 50 बाहर से वहां आती हैं, वे सारी ट्रेनें बंद हैं। इसकी किसी को चिंता नहीं है कि 6 अगस्त तक मुम्बई का पुणे से, नासिक से और सारे देश से सम्पर्क टूटा हुआ है। इसमें आप क्या कर रहे हैं? जैसा आपने कहा, स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए। मुझे आश्चर्य होता है कि केन्द्र की दृष्टि से किसी स्वास्थ्य मंत्री ने वहां का दौरा नहीं किया है, न वहां कोई गया है, मुझे तो जानकारी नहीं है, अगर किसी ने किया हो तो मुझे तो जानकारी नहीं है, इसमें तो है नहीं और क्लोरीन वगैरह क्या टेब्लेट्स आप दे रहे हैं, वे सब वहीं के लोग दे रहे हैं, जितनी दे रहे हैं।

डा0 अलादी पी0 राजकुमार (आन्ध्र प्रदेश): स्टेटमैंट में बताया है।

श्री प्रमोद महाजन : स्टेटमैंट से ही बता रहा हूं कि आपने जो लिखा है, वह वस्तुस्थिति से कितना मेल खाता है। आपने जैसे पानी के बारे में लिखा है कि 300 टैंकर लगाए हैं। मैं कहता हूं कि 10 परसैंट मुम्बई अगर 15 लाख लोगों की होती है, तो 15 लाख में 300 टैंकर से पानी बांटेंगे तो क्या मिलेगा? आप पानी बांट रहे हैं या सिरप दे रहे हैं एक-एक को चम्मच-चम्मच कि भाई ले लो और आगे चलो। यह कौन सी व्यवस्था आप कर रहे हैं? आप इसको व्यवस्था कहेंगे? स्वास्थ्य की दृष्टि से मैं कहना चाहता हूं कि केन्द्र के स्वास्थ्य मंत्री ने कुछ नहीं कहा है, न उन्होंने भेंट दी है। अब डेढ़ करोड़ की आबादी है, इतने कीचड़ में लगभग एक हफ्ते से लोग हैं, हम कल्पना नहीं कर सकते कि किस प्रकार के रोग हो सकते हैं। केन्द्र की ओर से कोई टीम नहीं जा सकती। वित्त मंत्री जी यहां बैठे हैं, वे कर रहे होंगे, उनका तुरंत काम नहीं है, लेकिन लगता है कि मुम्बई देश की तथाकथित आर्थिक राजधानी होने के कारण, इसका असर बहुत पड़ सकता है। सिर्फ स्टॉक मार्किट पर इसका कोई असर नहीं हुआ, वह ऊपर ही जा रहा है। मुम्बई डूब रही है और स्टॉक मार्किट ऊपर जा रहा है! यह कैसे होता है, मुझे समझ में नहीं आता है कि पूरा शहर पानी में है और स्टॉक मार्किट सबसे ऊपर जा रहा है!

श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिमी बंगाल) : यह तो आप जानते होंगे, यह ग्लोबलाइजेशन है।

(THE MINISTER OF FINANCE) SHRI P. CHIDAMBARAM: Sir, it is quite possible that Mr. Mahajan and his friends are investing in the stock market.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, I take it in a lighter vein because I have never invested in the stock market. He has invested more in it. And sometimes his wrong investment has cost him his job, if he remembers.

उपसभापति जी, मेरे पास तीन छोटे-छोटे मुद्दे हैं।

श्री उपसभापति : जल्दी कीजिए।

श्री प्रमोद महाजन : मैं समझ सकता हूं, जैसा मैंने कहा। उपसभापति जी, मुम्बई के बारे में आज स्वास्थ्य मंत्रालय, रेल मंत्रालय क्या करे, इसके बारे में मेरा सीधा कहना है और केन्द्र की बहुत सारी चीजें वहां से जुड़ी हैं, इसलिए केन्द्र में, अगर मैं यह कहूं कि इस पर तीन-चार महीने के लिए मंत्रिमंडल का एक ग्रुप होना चाहिए, GoM होना चाहिए, तो पता नहीं आप मानें या न मानें, लेकिन कम से कम एक GoS, ग्रुप आफ सैक्रेटरीज़, कैबिनेट सैक्रेटरी के नेतृत्व में यहां बने, जो अगले तीन महीने तक कम से कम मुम्बई के इन सारे विषयों पर ध्यान दे। वित्त मंत्री जी जब खड़े हुए, तो उसके कारण मैं अपना मुद्दा भूल रहा था, मैं समझता हूं कि वहां कम से कम 8-10 लाख इस्टेब्लिशमेंट ऐसी हैं, जो पानी में डूबी हैं, सैंकड़ों कारें हैं, जो

4.00 P.M.

पानी में डूबी हैं, उनमें से बहुत सी इंश्योर्ड हैं। मुझे लगता है कि गुजरात भूकम्प के समय हमने इसके लिए सारे प्रकार की व्यवस्था की थी। मैंने जैसा कहा कि यह कल का काम नहीं है, लेकिन अगले 8-15 दिनों में इस चीज की भी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि लोगों के कारोबार शुरु हों। क्योंकि अगर उन्हें इंश्योरेंस का पैसा नहीं मिला तो कारोबार नहीं होगा और अगर कारोबार नहीं होगा तो जो गरीब आदमी उनके यहां डेली वेजिस पर काम करने जाता है, उस गरीब आदमी को काम नहीं मिलेगा। इसलिए दिखाई देता है कि कोई होटल वाला है, लेकिन वह होटल तब खोले, जब उसको इंश्योरेंस का पैसा मिले। अब होटल खुलेगा तो लोगों को काम मिलेगा और काम मिलेगा तो लोगों को चाय मिलेगी। मैं कोई अमीर आदमियों की या बड़ी कम्पनियों की बात नहीं कर रहा हूं, वहां तो कुछ ज्यादा हुआ भी नहीं है दक्षिण मुम्बई में। लेकिन जहां लोग हैं, छोटे-छोटे इस्टेब्लिशमेंट्स हैं, उनकी ओर भी देखने की जरूरत है।

उपसभापति जी, मुम्बई का ड्रेनेज सिस्टम 19वीं सदी का है। It is 100 years old. तब मुम्बई की आबादी 10 लाख थी, आज मुम्बई की आबादी डेढ़ करोड़ है। इसलिए जब तक अरबन डेवलपमेंट मिनिस्ट्री केन्द्र की ओर से मुम्बई के ड्रेनेज सिस्टम को ढंग से चलाने के लिए मदद नहीं करेगी, तब तक ये समस्याएं बार-बार आती रहेंगी।

मुम्बई की दृष्टि से, और इसमें किसी एक सरकार या किसी एक व्यक्ति का नाम नहीं, सबने मिल कर मुम्बई में जो अतिक्रमण को बढ़ावा दिया है, वैट लैंड को वेस्ट लैंड और वेस्ट लैंड को डेवलपमेंट लैंड बना दिया है, उसके कारण मुम्बई में किसी प्रकार की सुविधाएं नहीं बची हैं, उस पर भी केन्द्र सरकार को निगाह डालने की जरूरत है।

उपसभापति महोदय, मैंने सुना है कि केन्द्र सरकार ने कोई एक डिज़ास्टर मैनेजमेंट स्कीम बनाई है, जिसे राज्य सरकारों पर मेंडेटरी करने वाले हैं। वैसे हमारे यहां महाराष्ट्र में भी कोई डिज़ास्टर मैनेजमेंट टीम थी, लेकिन अब मुम्बई में उसके लिए लोग कहते हैं कि यह डिज़ास्टर मैनेजमेंट है या मैनेजमेंट डिज़ास्टर है। डिज़ास्टर मैनेजमेंट तो कहीं दिखाई नहीं दे रहा, लेकिन यह मैनेजमेंट का डिज़ास्टर है और किसी ने कहा कि यह तो डिज़ास्टरस मैनेजमेंट है और इसलिए क्या केन्द्र सरकार किसी क़ानून के अंतर्गत महाराष्ट्र सरकार या मुम्बई महापालिका को इस बात के लिए बाध्य करेगी कि वह एक डिज़ास्टर मैनेजमेंट स्कीम बनाए जो संकट की राह न देखे, बल्कि उसकी आहट सुनते ही अपना काम शुरू करे। इस प्रकार का सुझाव मैं देना चाहता हूं, जिसे वे कर सकते हैं।

उपसभापति जी, अंत में मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि मुम्बई की इस सारी चर्चा में हम बचे हुए महाराष्ट्र को न भूलें। इस बचे हुए महाराष्ट्र में लगभग आधी जानें चली गई हैं और लगभग सैकड़ों गांव उजड़ गए हैं, लाखों किसानों का नुक़सान हुआ है, फ़सल गई है और इसलिए मुम्बई की समस्या तो बढ़ी है, उस पर तो ध्यान देना ही चाहिए, लेकिन केन्द्र सरकार को और महाराष्ट्र को मुम्बई के साथ-साथ महाराष्ट्र का जो ग्रामीण आदमी है, जो किसान है, जिसकी परेशानियां शायद इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया में उतनी बड़ी मात्रा में नहीं आई हैं,

जितनी मुम्बई की आई हैं, उसकी ओर अनदेखी न हो, यह भी देखने की जरूरत है और मैं समझता हूं कि केन्द्र सरकार इस दायित्व के बारे में भी सतर्क रहे।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Before I call the next speaker, I request the hon. Defence Minister to make a statement on his recent visit to the United States.

STATEMENT BY MINISTER

New framework for U.S. - India defence relationship

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Mr. Deputy Chairman, Sir, with your permission, I would like to make a statement on U.S. India Defence Relationship.

Sir, I made an official visit to the United States of America (USA)recently at the end of June 2005 at the invitation of the US Secretary of Defence. The visit provided an opportunity for an exchange of views with the US leadership on international security issues and to promote cooperation with the US to strengthen and modernise our armed forces and our defence industries through increased professional interaction in the military sphere and collaboration in the sphere of defence equipment and technology in the mutual interest of both countries. A document entitled 'New Framework for the US-India Defence Relationship' was signed during the visit. The 'Framework' contains only enabling provisions. It does not contain any commitments or obligations.

The 'Framework' updates the 'Agreed Minutes on Defence Relations between India and the United States' signed in January 1995. It identifies global security threats that have seriously affected our security, such as terrorism and violent religious extremism, and the proliferation of Weapons of Mass Destruction (WMD) and related materials, data and technologies as areas of shared concern, and provides for cooperation with the US to enhance our capabilities in responding to these and prospects of cooperation in advanced and sensitive technologies and other challenges like natural disasters. It reflects our interest in the security of the sea-lanes and regional and global security and stability. It establishes a new Defence Procurement and Production Group under the existing Defence Policy Group to promote a defence trade, production and technology relationship with the United States. It also provides for a dialogue on international security issues,